बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार
32, हार्डिंग रोड, पटना-800001
फोन- 0612-2231563, फैक्स नं.: 2231562, http//: bsea.bihar.gov.in, Email: bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक 08/07/2022

# अधिसूचना

संख्या-नि०प्रा०/नि० 1-16/2022 1215 बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार की अधिसूचना संख्या-744 दिनांक 23.05.2022 द्वारा अन्य समितियों के साथ मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त समिति का निर्वाचन कार्यक्रम प्राधिकार की अधिसूचना संख्या-1047 दिनांक 23.06.2022 द्वारा स्थगित किया गया था। निर्वाचन स्थगित करने के पूर्व सूचना का प्रकाशन, नामांकन, संवीक्षा, अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की प्रक्रियाएँ संपन्न हो चुकी थीं।

उक्त के आलोक में बासोपट्टी प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 के चुनाव को अधिसूचना संख्या-744 दिनांक 23.05.2022 के क्रम में स्थगन के प्रक्रम से निम्नवत निर्धारित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| (i) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 19.07.2022 (मंगलवार)<br>7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक |
| (ii) | मतगणना | 19.07.2022 (मंगलवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |

2. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में बासोपट्टी प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार यथा माइकिंग, ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इश्तेहार आदि चिपकाकर किया जाएगा। दिनांक 14.07.2022 तक इसका अनुपालन प्रतिवेदन निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को भेजना सनिश्चित करेंगे।

3. मतदान का समय 07:00 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक होगा। निर्वाचन पदाधिकारी मतदान की तिथि को मतदान प्रतिशत एवं मतगणना की तिथि को प्रपत्र-ई 18 में निर्वाचित सदस्यों की सूची फैक्स (0612-2231562) तथा ई-मेल (bseapatna@gmail.com) द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

4. निर्वाचन पदाधिकारी मतगणना के अगले दिन प्राधिकार के वेबसाईट पर http://bsea.bihar.gov.in प्रपत्र-ई 18 से संबंधित सूचनाओं की प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मतगणना के तीन दिनों के भीतर निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर युक्त अंतिम मतदाता सूची (अद्यतनीकरण के पश्चात्) भी प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करायेंगे।

5. अधिसूचना संख्या 744 दिनांक 23.05.2022 की शेष बातें यथावत रहेंगी।

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक : 1215 पटना/ दिनांक 08/07/2022

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव

ज्ञापांक : 1215 पटना/ दिनांक 08/07/2022

प्रतिलिपि : जिला सहकारिता पदाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 1215 पटना/ दिनांक 08/07/2022

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, दरभंगा/ जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), मधुबनी/ उप विकास आयुक्त –सह– नोडल पदाधिकारी (स0स0), मधुबनी/ पुलिस अधीक्षक, मधुबनी/ अपर समाहर्त्ता, मधुबनी/ प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), बासोपट्टी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), मधुबनी से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), बासोपट्टी को उपलब्ध कराने के साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निदेशित करेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 1215 पटना/ दिनांक 08/07/2022

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 1215 पटना/ दिनांक 08/07/2022

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 1215 /पटना,दिनांक 08/07/2022

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना का कोषांग/ सचिव/ विशेष कार्य पदाधिकारी/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रशाखा पदाधिकारी (स्थापना) को इस निदेश के साथ प्रेषित कि निर्वाचन की तिथि को कंट्रोल रूप बनाने का आदेश निर्गत कराना सुनिश्चित करेंगे।

सचिव।